Rajkiya Mahavidyalaya Amori(Champawat)

Email: gdcamori@gmail.com Website: www.gdcamori.in

ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम –रिर्पोट–04, दिनांक 22–02–2024

उपलब्धि प्रेरणा प्रशिक्षण–थीम आधारित समूह निर्माण

दिनांक 22–02–2024 को महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत 12 दिवसीय ई0डी0पी0 प्रशिक्षण कार्यक्रम के क्रम में महाविद्यालय में चौथे दिवस कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रशिक्षु ओम प्रकाश जोशी तथा पूजा के द्वारा पूर्व दिवस के प्रशिक्षण फीडबैक से प्रारम्भ हुआ। मुख्य प्रशिक्षक श्री रमेश चन्द्र पन्त व श्री पंकज तिवारी के द्वारा प्रशिक्षण को संचालित किया गया। श्री कमल सिंह विष्ट प्रबन्ध निदेशक के0आई0टी0एम0 डिग्री कालेज खटीमा के द्वारा स्वरोजगार, स्टार्टअप, पर्यटन, होमस्टे डिजाइन, संचार कौशल, उत्कृष्ट रिज्यूम बनाने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। जनपद चम्पावत बाल विधायक व बालउपमुख्यमन्त्री बाल विधानसभा उत्तराखण्ड दीक्षा खर्कवाल के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को आत्मविश्वास, सुनने क्षमता का विकास, जीवन में उद्यमी बनने की ऊर्जा में वृद्धि करने जागरूक किया। उनके द्वारा महिलाओं उद्यमी बनने, तथा घर से अपने हुनर/क्षमता के अनुसार व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिए सभी में आत्मबल जगाया। सुश्री किरन शर्मा फैकल्टी मासकम्यूनिकेशन के द्वारा संचार कौशल, गाइड जैसे स्टार्टअप प्रारम्भ करने पर चर्चा परिचर्चा की। डॉ0 विवेक सक्सेना फैकल्टी जर्नलिज्म के द्वारा स्वरोजगार जैसे होटल प्रबन्ध में कार्य करने हेतु सभी को विविध प्रकार के तरीके बताये। नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को उद्यम के क्षेत्र में संचार कला, पर्यटन कौशल तथा लोगो डिजाइन के अवसर तथा राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के गाइड बनने की विधियों से परिचय कराया। कार्यक्रम में डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता के द्वारा अपनी पुस्तक **इम्पावरिंग इंडिया @ 75** को श्री प्रदीप जोशी, नीमा भट्ट, चांदनी बोहरा, भागीरथी, वि0वि0प्र0 श्यामा विष्ट, देवेन्द्र सिंह नेगी के हाथों अतिथियों को भेट कराया। कार्यक्रम अध्यक्ष/प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित के द्वारा सभी प्रतिभागियों के उच्चस्तरीय हौशले, सकरात्मक उर्जा के साथ सुनने की प्रसंशा की सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य के द्वारा श्री कमल सिंह विष्ट व सभी सम्मानित प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए श्री कमल सिंह विष्ट व दीक्षा खर्कवाल को सम्मानित किया। कार्यक्रम समापन पर श्री कमल सिंह विष्ट के द्वारा श्री संजय कुमार गंगवार, श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री दशरथ सिंह बोहरा, श्री महेश लाल, श्री दिनेश चन्द्र सिंह रावत को सम्मानित किया। फोटोग्राफी में उद्यमिता प्रशिक्षु देवेन्द्र सिंह नेगी ने सहयोग किया। दोपहर में सभी प्रतिभागियों व प्रशिक्षकों को लन्च उपलब्ध कराया गया।

डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता
नोडल अधिकारी, देवभूमि उद्यमिता योजना
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)

प्राचार्य
डॉ0 अजिता दीक्षित
राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी (चम्पावत)